सुख दुःख प्रभु पे छोड

हरे राम, राम राम, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा
हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे ।
हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे॥

सुख दुःख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो,
प्रभु नाम चदरिया ओढ़ , प्रभु से प्रेम करो,
सुख दुःख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो॥

राम नाम की ओढ़ चाहे , कृष्ण नाम की ओढ़,
सत्य प्रभु का नाम है , सत्कर्मों से जोड,
भेद भाव सब तोड़ ,प्रभु से प्रेम करो,
सुख दुःख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो॥

सुख भी हिस्सा है जीवन का , दुःख भी हिस्सा है,
रोना हसना लाभ हानि , जीवन का किस्सा है,
प्रभु में तन मन को मोड़ ,प्रभु से प्रेम करो,
सुख दुःख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो॥

सुख में क्यों हरसाये और , दुःख में क्यूँ घबराये,
जैसे दिन के बाद रात , वैसे सुख दुःख आये जाये ,
प्रभु प्रेम का नाता जोड़ , प्रभु से प्रेम करो।
सुख दुःख प्रभु पे छोड , प्रभु से प्रेम करो॥

Singer/Composer- Satyam Anandjee
Lyricist- K.S Hari Premi

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7846/title/sukh-dukh-prabhu-pe-chod-prabhu-se-prem-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |